# SPTTC TIMES

Spttc Times /Newsletter/ July to Dec.2022 / Vol. -03

# NEWS LETTER

## WELCOME TO OUR NEWS LETTER



**Advisory Board**

Shree Umacharan Singh
(Chairman)
SPTTC, Birsinghpur

Mr. Avinash Kumar
Secretary
SPTTC, Birsinghpur

Shree Maheshwar Thakur
Member OF IQAC

Shree Amitabh Kumar
Secretary PNET

Dr. Roli Dwivedi
Principal

**Editorial Team**

S.M.Tahseen.Alam Quadri
Coordinator
Mr. S.P. Chaudhary
Co-coordinator
Ms. Arpana Kumari
Member
Mr. Aditya Prakash
Member
Ms. Sweta Kumari
Member
Mr. Hasan Abad
Member

**In This Issue**

- Campus Buzz
- Student Buzz

**Editorial Office**
**St. Paul Teachers' Training College Birsinghpur, Samastipur**
(Under Aegis of Parmeshwar Neeta Education Trust) Recognized by NCTE, Bhubaneshwar
Affiliated to L.N.Mithila University, Darbhanga (B.Ed.) & Bihar School Examination Board Patna (D.El.Ed.)
At- Jhahuri, Post-Birsinghpur, Block- Kalyanpur, District – Samastipur, Pin Code – 848102, Tel: 06274-294029
Email: sptttcbirsinghpur@gmail.com Website: https://sptcbir.org

## हर घर तिरंगा अभियान




संत पॉल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज वीरसिंहपुर, समस्तीपुर मे आज दिनांक – 13.08.2022 को हर घर तिरंगा अभियांन के प्राचार प्रसार हेतु प्रशिक्षुओं ने झण्डे लेकर लोगों को प्रोत्साहित किया। महाविद्यालय के विदुषी प्राचार्या डॉ0 रोली द्विवेदी द्वारा छात्र–छात्राओं को तिरंगे के संबंध मे जानकारी दी गई, उन्होने तीनों रंगों केसरिया, सफेद और हरा के महत्व की चर्चा की।

आजादी की अमृत महोत्सव मे आगामी सप्ताह 14से 21 अगस्त 2022 तक महाविद्यालय में होने वाले कार्यक्रम की रूप रेखा की छात्रों को बताई और सभी को अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभागी बनाने के लिए प्रोत्साहित किया महाविद्यालय की लगभग 189 से अधिक छात्र–छात्राओं ने जन–जन तक संदेस पहुचाएंगें, हर घर तिरंगा फहराएंगे, आजादी का नारा देते हुए प्रचार प्रसार का कार्य हर्षोल्लास के साथ किया।

महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक सुरेन्द्र प्रासद चौधरी ने कहा कि हमें सुनिश्चित करना है कि 12 से 15 अगस्त तक हर घर में झण्डा फहराए जाएं।हम सभी लोग भाग्यशाली है कि हमे आजादी का 75वाँ साल मनाने का अवसर प्राप्त हुआ। मुझे भरोसा है कि आप सभी प्रशिक्षु अमृत महोत्सव के अन्तर्गत आयोजित किये जा रहे तमाम प्रतियोगिताओं में बढ़ – चढ़कर भाग लेंगें।

## Independence Day 2022



Our College St. Paul Teachers Training College has celebrated Independence Day on 15.08.2022 in college premises. Under the guidance of principal.

We have celebrated 75th year of independence by this we have entered in Amrit kal as we have completed 75th year of independence in 2022.

On this beautiful occasion our chairman sir hoisted a flag and every teaching and non-teaching were present on this day.

Students were also available on this auspicious day they have Presented Rashtra gaan and different types of speech.

The importance of this day is to memorize the role of our freedom fighters how they contributed for our nation and make aware among people how the present generation will lead our nation.



## रैलीः विविधता में एकता का उत्सव

संत पॉल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में आज दिनांक – 25.08.2022 को विविधता मे एकता का उत्सव अभियान हेतु एक रैली का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ0 रोली द्विवेदी ने कहा कि विविधता मे एकता हमारे देश की धरोहर है। हमारी संस्कृति, साहित्य,कला का विकास और सुरक्षा हमारा कर्तव्य है। उन्होनें कहा कि हमारी संस्कृति और साहित्य में नैतिक मूल्यों और जीवन की उत्कृष्टता का खजाना छुपा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ0 रोली द्विवेदी ने की तथा संचालन आदित्य प्रकाश ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक मनोज कुमार, सुरेन्द्र प्रसाद चौधरी,मुकेश कुमार मीना कुमारी, मिथिलेश कुमार, मो0 निजामुद्दीन, एस.एम.तहसीन आलम कादरी, शिक्षकेतर कर्मचारी एवं महाविद्यालय के प्रशिक्षुओं ने भाग लिया।

**Orientation Programme 2022-24**

In our college St. Paul teachers' Training College orientation program was done under the guidance of principal.



The main motto of the orientation was about to introduce the syllabus as an information about the college.

Everyone introduced their Syllabus to the students and said about their qualifications. The reason behind is to aware Students about the teachers and their subject what they will teach.

Everyone came on the podium and introduce themselves not only teaching but also non teachings introduce themselves like librarian and computer technician laboratory etc.

At last our Principal said about the college and each and every facilities which you will be given in our college to all the students. At last our principal concluded the program and gave well wishes to all the students and gave vote of thanks to all.

**जल संरक्षण जागरूकता अभियान**

आज दिनांक – 08.10.2022 को संत पॉल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज बीरसिंहपुर में जल संरक्षण जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ0 रोली द्विवेदी ने छात्र छात्राओं को जागरूक किया ताकि भविष्य में जल संकट की सामना नहीं करना पड़े। इसके लिए छात्रों को व्यर्थ बह रहे पानी को रोकने की शपथ दिलाई गई।



छात्रों ने जल बचाओ के नारे लगाते हुए मार्च किया तथा जल संरक्षण के महत्व को बताया ।पानी को कैसे संरक्षित करना है इस पर अपने विचार प्रस्तुत किए । 'पानी बचाओ ' विषय पर छात्रों ने कविता वाचन करके इस अभियान को जीवंत बनाया । महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक श्री सुरेन्द्र प्रसाद चौधरी , तहसीन आलम कादरी, मनोज कुमार, मुकेश कुमार, मिथिलेश कुमार, संतोष कुमार ,श्रीमति श्वेता कुमारी, मीना कुमारी आदि ने छात्रों के समक्ष जल संरक्षण जागरूकता अभियान पर विचार विमर्श किया, तथा छात्रों और शिक्षकों को जल संरक्षण हेतु प्रेरित किया । शिक्षकों और छात्रों द्वारा किया गया यह प्रयास सराहनीय था । इस कार्यक्रम का संचालन श्री आदित्य प्रकाश ने किया





**भगत सिंह जयंती**

संत पॉल शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में दिनांक 28.09.2022 को शहीद भगतसिंह जयंति पर व्याख्यान का आयोजन किया । इस अवसर पर प्रकाश डालते हुए महाविद्यालय की प्राचार्या ने कहा कि 28 सितंबर 1907 को शहीद–ए–आजम का जन्म हुआ भाम 23 वर्ष की आयु मैं देश के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिये थे। हर साल 28 सितंबर को पूरे भारतवर्ष में शहीद भगत सिंह की जयंति जोश और उत्साह के साथ मनाई जाती है। गुलाम भारत को अंग्रेजों की गुलामी से आजाद कराने मे अनेको वीर क्रांतिकारी शहीद हो गए। इनमें भगत सिंह का नाम प्रमुख है।

महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक मनोज कुमार ने कहा कि देश पर अपनी जान न्यौछावर कर देने वाले शहीद–ए–आजम भगत सिंह ने हमेशा अपनी माँ की ममता से ज्यादा भारत मां के प्रति अपने प्रेम को तवज्जो दी। भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन को प्रेरित करने में मदद की। 1928 में उन्होंने प्रभावशाली भारतीय लेखक और राजनीतिक लाला लाजपत राय की मौत के लिए जिम्मेवार पुलिस प्रमुख को मारने की साजिश में भाग लिया। महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक तहसीन आलम कादरी ने कहा कि भगत सिंह मार्क्स के सुविचारों से काफी प्रभावित थे, उनका ''इंकलाब जिंदाबाद'' का नारा काफी प्रसिद्ध है, इसका अर्थ है क्रांति की जय हो, उक्त नारा ने देशवासियों में जोश भरने का कार्य किया था।



**मानवाधिकार दिवस पर व्याख्यान का आयोजन**

संत पॉल शिक्षण प्रशिक्षण महाविद्यालय में दिनांक 10–12–2022 को मानवाधिकार दिवस पर वयख्यान का आयोजन किया। इस अवसर पर प्रकाश डालते हुए महाविद्यालय की प्राचार्या ने कहा कि 10 दिसम्बर को विश्व मानवाधिकार दिवस मनाया जा रहा है। यह दिन मानवाधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा में निहित अधिकारों और स्वतंत्रता के प्रति सम्मान को बढ़ावा देने के लिए जागरूकता पैदा करने और राजनीतिक इच्छाशक्ति बढ़ाने के लिए प्रति वर्ष 10 दिसम्बर को **मानवाधिकार दिवस** मनाया जाता है।

महाविद्यालय . में आए हुए अतिथि रंजीत निर्गुणी जी ने कहा कि मानवाधिकार वे, अधिकार हैं जो किसी भी व्यक्ति को जन्म के साथ ही मिल जाते है। किसी भी व्यक्ति के जीवन, स्वतंत्रता, समानता और प्रतिष्ठा का अधिकार ही मानव अधिकार है। महाविद्यालय में आए अतिथि इन्जीनियर सच्चिदानंद बाबू ने कहा कि मानव अधिकार दिवस प्रत्येक वर्ष 10 दिसंबर को दुनिया भर में मनाया जाता है। मानवाधिकारों की पहली वैश्विक घोषणा और नए संयुक्त राष्ट्र की पहली प्रमुख उपलब्धियों में से एक, मानवाधिकारों की सार्वभौम घोषणा की। 10 दिसम्बर 1948 को संयुक्त राष्ट्र महासभा के अंगीकरण और उदघोषणा का सम्मान करने के लिए इस तिथि का चयन किया गया था।

**विश्व एड्स दिवस**

संत पॉल शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के पी० पी० एन० सिंह सभागार में 01.12.2022 को विश्व एड्स दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे। प्राचार्या डॉ० रोली द्विवेदी ने विस्तृत चर्चा करते हुए कहा कि एड्स एक लाइलाज बीमारी है जो हमारे रक्त में जाकर श्वेत रक्त कोशिकाओं को नष्ट कर देता है अगर इस बीमारी को ससमय इलाज नही कराया जाय तो व्यक्ति की जान भी जा सकती है। महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक तहसीन आलम कादरी ने भी एड्स दिवस, पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह वायरस जनित गम्भीर बीमारी है जिसका इलाज संभव नही है लेकिन इसके प्रभावों को दवाओं और उपचारों के माध्यम से नियंत्रित किया जा सकता है। इस दिवस पर लोगो को इस खतरनाक बीमारी के प्रति जागरुक कराना आवश्यक है ताकि इस बीमारी से लोगो को संक्रमण से बचाया जा सके। इस अवसर पर सभी सहायक प्राध्यापक एवं सभी कर्मचारी गण उपस्थित रहे। इसके पश्चात एक जागरुकता रैली का आयोजन किया गया।




प्राचार्या डॉ० रोली द्विवेदी ने हरी झण्डी दिखाकर रैली को रवाना किया। इस रैली में शामिल सहायक प्राध्यापक आदित्य प्रकाश, नरेन्द्र कुमार, सहायक प्राध्यापिका मीना कुमारी एवं स्वेता कुमारी ने अपना भागीदारी निभाया। इस अवसर पर समस्त प्रशिक्षुओं ने गाँव – गाँव मे जाकर विश्व एड्स दिवस जागरुकता रैली के माध्यम से लोगो को जागरुक किया। उक्त अवसर पर प्रशिक्षुओं ने लोगों को जारूक करते हुए बताया कि यह असुरक्षित यौन संबंध और एचआईवी संक्रमित व्यक्ति के द्वारा उपयोग किए जाने वाले इंजेक्शन, उपकरण को अन्य व्यक्तियों में प्रयोग करने से यह बीमारी फैलती है, इसके लिए सुरक्षित जीवाणु रहित डिस्पोजल का ही उपयोग में लाना चाहिए जिससे इस बीमारी से बचा जा सके।



**Innovative Teaching Skill**

Our college St. Paul teachers' training college has organized and extension lecture on innovative teaching model on 27/08/2022 under the guidance of principal.



On this extension lecture our Chief Guest Dr. Manohar Kumar Singh has come from K.S.R.College, Sarairanjan, Samastipur he is a very experienced person in his field.

He has presented his points on extension lecture innovative teaching model he said in a teacher Education institution. It is very important to know the strategy of teaching and through innovative teaching model. One should be able to put their points or thoughts in easy way.

So that the students will learn the concept easily the purpose of introducing these new teaching strategies and methods is to improve academic outcomes and address real problems to promote equality equitable learning by his lecture our faculties learned different methods of teaching. At last our principal vote of the thanks to all.

## Effective Teaching Skill

Our College St. Paul Teachers' Training College Birsinghpur has organized an extensive lecture on effective teaching skill on 23.09.2022 under the Guidance of Principal



On this Extension lecture our chief guest Dr. Prem Jha 'Premi' has come from M.R.Janta College, Samastipur. He is very experienced person in his field. He has presented his opinion on effective teaching skills.

He emphasized on different points like critical thinking skills communication skill organizational skill creative thinking abilities leadership skill time management skills.

His important points is that a teacher should be punnctual in his duty and time management is very vital role in teaching. Each and every points of him are very important. For our faculties everyone learnt a lot from his lecture.At last our principal concluded the programme by giving votes of thank to all.



## राष्ट्रीय शिक्षा दिवस

संत पॉल शिक्षण–प्रशिक्षण महाविद्यालय में दिनांक – 11.11.2022 को राष्ट्रीय शिक्षा दिवस पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रकाश डालते हुए महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ० रोली द्विवेदी ने कहा कि यह दिवस भारत सरकार के पहले शिक्षा मंत्री एवं भारत रत्न से सम्मानित, मौलाना अबुल कलाम आजाद की याद में 11 नवंबर को मनाया जाता है। वैधानिक रूप से इसका प्रारम्भ 11 नवंबर 2008 से किया गया है। मौलाना अबुल कलाम आजाद का जन्म 11 नवंबर 1888 को हुआ था। वे भारत के पहले शिक्षा मंत्री थे।



महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक मनोज कुमार ने कहा कि शिक्षा किसी भी देश की रीढ़ होती है। छात्रों के विकास को बढ़ाने के साथ – साथ , शिक्षा राष्ट्रनिर्माण को भी बढ़ाती है और उसका समर्थन भी करती है। ''दिल से दी गई शिक्षा समाज में क्रांति ला सकती है।'' मौलाना अबुल कलाम आजाद ने भारत की शिक्षा प्रणाली की नींव रखने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक सुरेन्द्र प्रसाद चौधरी ने कहा कि हर वर्ष 11 नवंबर कों भारत में राष्ट्रीय शिक्षा दिवस मनाया जाता है। इस दिन मौलाना अबुल कलाम आजाद का जन्मदिन भी है। वर्ष 2008 को मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा अबुल कलाम आजाद की जयंति को राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के रूप में मनाने की परम्परा की शुरुआत की गई । इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।



### महाविद्यालय में प्रदर्शनी का आयोजन



संत पॉल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज बीरसिंहपूर में शिक्षण सहायक सामग्री प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में बी0एड0 एवं डी0एल0एड0 के प्रशिक्षुओं ने भाग लिया। इस प्रदर्शनी के आयोजन का उद्देश्य है प्रशिक्षुओं में सृजनात्मकता का विकास करना। साथ ही प्रशिक्षु शिक्षण सहायक सामग्री का शिक्षण प्रक्रिया में क्या महत्व है इसकों भली भांति जान पाऐगें। प्रशिक्षुओं ने इस कार्यक्रम में बढ़ चढकर भाग लिया। इस प्रदर्शनी के आयोजन में महाविद्यालय के विज्ञान शिक्षक श्री मनोज कुमार, श्री एस0 एम0 तहसीन आलम कादरी एवं कला के शिक्षक श्री नरेन्द्र कुमार ने अपना पूर्ण योगदान दिया। प्रशिक्षुओं ने एक से बढ़ कर एक मॉडल बनाए।इस अवसर पर प्रशिक्षुओं को पुरस्कार भी दिये गयें जिन प्रशिक्षुओं का प्रदर्शनी मॉडल बेहतर थे। उनको महाविद्यालय की प्राचार्या एवं अन्य वरीय शिक्षकों ने पुरस्कार से सम्मानित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या ने प्रशिक्षुओं को धन्यवाद दिया तथा शिक्षण प्रक्रिया में शिक्षण सहायक समाग्री की उपयोगीता पर प्रकाश डाला। उन्होनें इस कार्यक्रम के आयोजकों को भी आभार प्रकट किया जिनके प्रयास से यह कार्यक्रम सफल हुआ।



### कैंसर जागरूकता कार्यक्रम




संत पॉल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज बीरसिंहपुर में राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन भाभा कैंसर अनुसंधान केन्द्र मुजफ्फरपुर के तत्वाधान में मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्या डॉ0 रोली द्विवेदी एवं डी.एल.एड. विभागाध्यक्ष डॉ0 अनिल प्रसाद सिंह ने प्रशिक्षुओं को कैंसर के कारण एवं निदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। कैंसर अनुसंधान केन्द्र के डॉ0 मनीष कुमार एवं डॉ0 खुशबू ने प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए कहा कि कैंसर गुटखा, तम्बाकू , पान, सिगरेट, शराब, सुपारी आदि के सेबन से फैलता है।

डॉ0झा ने कैंसर के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए यह कहा कि सही समय पर इलाज कराने से कैंसर जैसी घातक बीमारी से बचा जा सकता है। डॉ0 खुशबू ने महिलाओं में हो रहे विभिन्न प्रकार के कैंसर के संदर्भ पर प्रकाश डाला।
महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक श्री सुरेन्द्र प्रसाद चौधरी ने प्रशिक्षुओं कों शपथ दिलाते हुए जीवन मे व्यसन से दूर रहने की सलाह दिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्रध्यापक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।



**National seminar on SDG 4.0 through Education**

In our college St. Paul Teachers' Training College Birsinghpur, national seminar was held on the topic sustainable development goal through education 4.0 under the guidance of principal.

The programme was started with the lamp lighting with the presence of our guest, principal and secretary. After that welcome song was sung to welcome our guest.

Welcome speech was given by assistant professor Manoj Kumar briefing about the topic assistant professor Arpana kumari.

Sustainable development goal 4.0 is about quality education and is one of the sustainable development Goals established the united nation in September 2015.

The full title of SDG 4.0 insure Inclusive and equitable and quality education and promote lifelong opportunities for all.

Our First Speaker Dr. Upendra Kumar said in today's scenario when we are leaving in a knowledge and economy, It is very important to create academic institution of eminence which will not only give wings to the aspiration of our youth but also attracts students from distant shores.

Our Second Speaker Dr. Rajendra Kumar said through sustainable development goal we should focus on insurance inclusive and equitable quality education and promote lifelong learning opportunities to all.



Our 3rd Speaker Dr. Arvind Kumar Said this goal ensures that all girls and boys complete free primary and secondary education by 2030. It also aims to provide equal access to affordable vocational training and eliminate gender wealth disparities with aim of achieving universal access to a quality higher education.

Along with the Guest our assistant professors also shared their thoughts on the topic and technical session was held for the students to present paper on the topic many weird students presented their paper on the topic.

At last certificate of paper presentation was given to all the students. Lastly our principal gave vote of thanks to all the guest and the participants.

**स्वावलंबन जागरूकता रैली**

संत पॉल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज बीरसिंहपुर में दिनांक 04.11.2022 को स्वावलंबन जागरूकता पर रैली का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रकाश डालते हुए महाविद्यालय के प्राचार्या डॉ. रोली द्विवेदी ने कहा कि स्वावलम्बन का अर्थ है – आत्मनिर्भरता। आत्मनिर्भर होने का तात्पर्य है कि अपने कार्य स्वयं करना किसी भी वस्तु, जरूरत के लिए किसी पर निर्भर न होना, आत्मनिर्भर होने से इंसान के अंदर आत्मविश्वास पैदा होता है, जिससे दुनिया की किसी भी परेशानी का सामना करने के लिए इन्सान खुद के खड़ा रह सकता है।

महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक तहसीन आलम कादरी ने कहा कि वैसे भी कहावत है, दुनिया में आप **"अकेले आये और अकेले ही जायेंगे"** जब हम 'अकेले' ही आयें है, और जाना भी 'अकेले' है तो, क्यों इस दुनिया में किसी पर निर्भर रहे, मेरी इस बात का ये तात्पर्य नहीं कि आप दुनिया में किसी से संबंध न रखे, हमें समरस्ता का भाव रखना चाहिए, लेकिन किसी पर बोझ नहीं बनना चाहिए। महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक सुरेन्द्र प्रसाद चौधरी ने कहा कि स्वावलंबन से सम्मान का रास्ता खुलता है । दुनिया में जितने भी व्यक्ति आयें है सभी को स्वावलंबी अर्थात आत्मनिर्भर बनना चाहिए।